रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **भारत में DBW 371 (करण वृंदा), DBW 303 (करण वैष्णवी) और DBW 187 (करण वंदना) किस फसल की किस्में हैं?**

**Ans**
✗ 1. मक्का
✗ 2. चावल
✗ 3. चाय
✓ 4. गेहूँ

**Q.2** **कौन-सा अनुच्छेद, राष्ट्रपति को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त करने की अनुमति देता है?**

**Ans**
✗ 1. अनुच्छेद 342
✗ 2. अनुच्छेद 332
✓ 3. अनुच्छेद 340
✗ 4. अनुच्छेद 330

**Q.3** **किसी राज्य में वास्तविक कार्यकारी प्रमुख के रूप में कौन कार्य करता है?**

**Ans**
✗ 1. अध्यक्ष
✗ 2. महाधिवक्ता
✗ 3. राज्यपाल
✓ 4. मुख्यमंत्री

**Q.4** **चागोस द्वीपसमूह के भविष्य के संबंध में किन दो देशों ने 22 मई 2025 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?**

**Ans**
✗ 1. यूनाइटेड किंगडम और सेशेल्स
✓ 2. यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस गणराज्य
✗ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका और मॉरीशस गणराज्य
✗ 4. यूनाइटेड किंगडम और भारत

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सी योजना सभी मौसमों के अनुकूल सड़कों के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी प्रदान करने पर केन्द्रित है?**

**Ans**
✗ 1. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण
✓ 2. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
✗ 3. रूर्बन (RURBAN) मिशन
✗ 4. सांसद आदर्श ग्राम योजना

Q.6 निम्नलिखित में से किसने मई 2025 में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (ISSF) जूनियर विश्व कप, जर्मनी में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✗ 1. परिषा गुप्ता
- ✗ 2. दिवांशी
- ✓ 3. कनक
- ✗ 4. संयम

Q.7 तेलंगाना सरकार द्वारा लागू अनुसूचित जाति (आरक्षण का युक्तिकरण) अधिनियम, 2025 के अनुसार, अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत कोटा के भीतर ग्रुप II को कितने प्रतिशत आरक्षण मिलेगा?

Ans
- ✗ 1. 5%
- ✗ 2. 7.5%
- ✗ 3. 3%
- ✓ 4. 9%

Q.8 यूजर द्वारा एमएस विंडोज डेस्कटॉप के रिक्त क्षेत्र में राइट-क्लिक करने पर क्या होता है?

Ans
- ✗ 1. स्टार्ट मेनू (Start Menu) डिस्प्ले होता है।
- ✓ 2. व्यू एंड डिस्प्ले सेटिंग्स (view and display settings) वाला एक कॉन्टेक्स्ट मेनू ओपन होता है।
- ✗ 3. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) लॉन्च होता है।
- ✗ 4. टास्क मैनेजर (Task Manager) ओपन होता है।

Q.9 राज्यों के बीच राज्यसभा सीटों के आवंटन संबंधी प्रावधान भारतीय संविधान की किस अनुसूची में दिए गए हैं?

Ans
- ✓ 1. चौथी अनुसूची
- ✗ 2. दसवीं अनुसूची
- ✗ 3. पहली अनुसूची
- ✗ 4. दूसरी अनुसूची

Q.10 सांस लेते समय फेफड़ों का आयतन मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. रेस्पिरोमीटर
- ✗ 2. स्फिग्मोमैनोमीटर
- ✓ 3. स्पाइरोमीटर
- ✗ 4. बैरोमीटर

Q.11 2025 MOBO अवार्ड्स में तीन बार सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनय (Best Male Act) का पुरस्कार जीतने वाला प्रथम कलाकार कौन बना?

Ans
- ✓ 1. सेंट्रल सी (Central Cee)
- ✗ 2. स्केप्टा (Skepta)
- ✗ 3. डेव (Dave)
- ✗ 4. स्टॉर्मज़ी (Stormzy)

Q.12 निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक में बैंकिंग, संचार और परिवहन शामिल हैं?

Ans
- ✓ 1. तृतीयक
- ✗ 2. प्राथमिक
- ✗ 3. चतुर्थक
- ✗ 4. द्वितीयक

Q.13 मई 2025 में फॉर्मूला 2 (Formula 2) रेस जीतने वाले, निम्नलिखित में से पहले भारतीय ड्राइवर कौन बने हैं?

Ans
✔ 1. कुश मैनी
✘ 2. नारायण कार्तिकेयन
✘ 3. जेहन दारूवाला
✘ 4. अर्जुन मैनी

Q.14 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की बिक्री को विनियमित करने के लिए 2025 में नए दिशानिर्देश किस संगठन द्वारा पेश किए गए?

Ans
✘ 1. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)
✔ 2. केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA)
✘ 3. दूरसंचार विभाग (DoT)
✘ 4. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI)

Q.15 केंद्र सरकार ने मई 2025 में इथेनॉल उत्पादन के लिए भारतीय खाद्य निगम (FCI) से कितने मिलियन टन अतिरिक्त चावल के आवंटन को मंजूरी दी?

Ans
✘ 1. *2.4 मिलियन टन*
✘ 2. *3.2 मिलियन टन*
✘ 3. 2.1 मिलियन टन
✔ 4. *2.8 मिलियन टन*

Q.16 पल्लवों के अधीन ब्रह्मदेय गांवों में, कौन-सी जाति मुख्य रूप से स्थानीय सभाओं का प्रबंधन करती थी?

Ans
✘ 1. शूद्र
✘ 2. क्षत्रिय
✔ 3. ब्राह्मण
✘ 4. वैश्य

Q.17 बाल गंगाधर तिलक ने भारतीयों में राष्ट्रवादी भावनाएँ जागृत करने के लिए कौन-सा लोकप्रिय नारा दिया?

Ans
✘ 1. इंकलाब ज़िंदाबाद
✔ 2. स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है
✘ 3. भारत छोड़ो
✘ 4. वंदे मातरम

Q.18 भारत में निम्नलिखित में से किस संगठन ने मई 2025 में दुनिया का उच्चतम-रिज़ॉल्यूशन मौसम पूर्वानुमान मॉडल विकसित किया है?

Ans
✘ 1. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)
✔ 2. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM)
✘ 3. राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF)
✘ 4. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

Q.19 दीवारों और अन्य पृष्ठों से पुनरावृत्त परावर्तन के कारण किसी बड़े हॉल में ध्वनि के सुनाई देते रहने के लिए प्रयुक्त शब्द क्या है?

Ans
✘ 1. विवर्तन
✘ 2. अपवर्तन
✔ 3. अनुरणन
✘ 4. व्यतिकरण

**Q.20** मार्च 2025 में ₹2,906 करोड़ की लागत से रक्षा मंत्रालय (MoD) द्वारा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के साथ खरीदे जाने वाले लो लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार (LLTR) का कोडनेम क्या है?

**Ans**

✗ 1. इंद्र (Indra)

✗ 2. सूर्य (Surya)

✗ 3. वायु (Vayu)

✓ 4. अश्विनी (Ashwini)

**Q.21** मालाबार तट के पास अरब सागर में स्थित भारतीय द्वीपों का कौन-सा समूह प्रवाल द्वीपों से बना है?

**Ans**

✗ 1. अंडमान द्वीप समूह

✓ 2. लक्षद्वीप द्वीप समूह

✗ 3. सुंदरवन

✗ 4. निकोबार द्वीप समूह

**Q.22** योजना आयोग भारत में केंद्रीय योजना के लिए नोडल निकाय था। योजना आयोग के पहले अध्यक्ष के रूप में किसने कार्य किया?

**Ans**

✗ 1. BR अंबेडकर

✓ 2. जवाहरलाल नेहरू

✗ 3. CD देशमुख

✗ 4. सरदार वल्लभभाई पटेल

**Q.23** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

**Ans**

✗ 1. टियर-2 शहरों में स्मार्ट शहरों को बढ़ावा देना

✓ 2. कौशल विकास और स्वरोजगार के माध्यम से शहरी निर्धनता को कम करना

✗ 3. ग्रामीण श्रमिकों को सब्सिडीयुक्त आवास (subsidised housing) उपलब्ध कराना

✗ 4. शहरी आधारिक संरचना में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा देश, भारत के साथ सबसे लंबी भू-सीमा (land border) साझा करता है?

**Ans**

✗ 1. चीन

✗ 2. पाकिस्तान

✗ 3. नेपाल

✓ 4. बांग्लादेश

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य पदार्थ मनुष्यों के लिए आहारीय फाइबर का समृद्ध स्रोत है?

**Ans**

✓ 1. ओट्स

✗ 2. मछली

✗ 3. चीज़

✗ 4. चिकन

**Q.26** निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली कों चेहरे के भावों और हाथों की भाव भंगिमाओं के माध्यम से कहानी बताने के लिए जाना जाता है, और जो तमिलनाडु से संबंधित है?

**Ans**

✗ 1. कुचिपुड़ी

✗ 2. कथक

✓ 3. भरतनाट्यम

✗ 4. ओडिसी

**Q.27** निम्नलिखित में से किस अधिनियम का उद्देश्य भारत में संघीय शासन व्यवस्था स्थापित करना था?

**Ans**

✗ 1. रॉलेट एक्ट, 1919

✓ 2. भारत सरकार अधिनियम, 1935

✗ 3. भारत सरकार अधिनियम, 1858

✗ 4. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892

**Q.28** जीनोम-आधारित चावल की किस्म विकसित करने वाला पहला देश कौन-सा है?

Ans
- ✗ 1. फ्रांस
- ✗ 2. चीन
- ✓ 3. भारत
- ✗ 4. अमेरिका

**Q.29** निम्नलिखित में से कौन-सी रणनीति, कृषि में संधारणीय विकास को बढ़ावा नहीं देती है?

Ans
- ✗ 1. फसल चक्र और जैविक कृषि
- ✗ 2. सूखा प्रतिरोधी फसलों का उपयोग
- ✗ 3. कुशल सिंचाई प्रणालियाँ
- ✓ 4. रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग

**Q.30** सातवीं पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण विकास पर विशेष रूप से कहां बल दिया गया है?

Ans
- ✗ 1. औद्योगिक क्षेत्र
- ✗ 2. शहरी केंद्र
- ✓ 3. ग्रामीण पूंजी निर्माण क्षेत्र
- ✗ 4. विदेशी बाजार

**Q.31** 17 अप्रैल 2025 को प्रकाशित पीआईबी (PIB) रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रक्षा उत्पादन 2014 में ₹40,000 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कितने करोड़ हो गया है?

Ans
- ✗ 1. ₹1.19 लाख करोड़
- ✗ 2. ₹1.33 लाख करोड़
- ✓ 3. ₹1.27 लाख करोड़
- ✗ 4. ₹1.11 लाख करोड़

**Q.32** मौर्य साम्राज्य के संस्थापक कौन थे और उन्होंने एक केंद्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था की स्थापना की?

Ans
- ✗ 1. अशोक
- ✗ 2. बिंदुसार
- ✗ 3. बृहद्रथ
- ✓ 4. चंद्रगुप्त मौर्य

**Q.33** दाएँ माउस बटन का उपयोग करके किसी फ़ाइल या फ़ोल्डर का नाम बदलने (rename) का सही तरीका क्या है?

Ans
- ✗ 1. फाइल पर Double-click करना→ नया नाम टाइप करना
- ✓ 2. फाइल पर Right-click करना→ Rename सलेक्ट करना→ नया नाम टाइप करना → Enter दबाना
- ✗ 3. डेस्कटॉप पर Right-click करना → New सलेक्ट करना→ Rename करना
- ✗ 4. फाइल पर Left-click करना → Delete दबाना → नया नाम टाइप करना

**Q.34** निम्नलिखित में से कौन-सा पशु भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत लुप्तप्राय तथा संरक्षित रूप में सूचीबद्ध है?

Ans
- ✗ 1. मोर
- ✗ 2. नीलगाय
- ✓ 3. लायन-टेल्ड मकाक
- ✗ 4. हनुमान लंगूर

**Q.35** राममोहन राय ने वर्ष 1803 में तर्क और सामाजिक प्रासंगिकता के माध्यम से विश्व धर्मों का विश्लेषण करते हुए कौन-सी दार्शनिक कृति लिखी थी?

Ans
- ✗ 1. प्रीसेप्ट्स ऑफ जीसस (Precepts of Jesus)
- ✗ 2. हिंद स्वराज (Hind Swaraj)
- ✗ 3. सत्यार्थ प्रकाश (Satyarth Prakash)
- ✓ 4. तुहफ़ात-उल-मुवाहिदीन (Tuhfat-ul Muwahhidin)

Q.36 रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा गणतंत्र दिवस, 2025 पर प्रदर्शित रक्षा कवच (Raksha Kavach) प्रणाली का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. बहुस्तरीय रक्षा सुरक्षा
✘ 2. साइबर युद्ध
✘ 3. भूमि-आधारित तोपखाना सहायता
✘ 4. नौसेना अभियान

Q.37 भारत के हम्पी में स्थित हज़ार राम मंदिर (Hazara Rama Temple) की स्थापना सबसे पहले किस काल में की गई थी?

Ans
✘ 1. 11वीं सदी की शुरुआत
✘ 2. 13वीं सदी की शुरुआत
✘ 3. 19वीं सदी की शुरुआत
✔ 4. 15वीं सदी की शुरुआत

Q.38 राज्यपालों के संबंध में सरकारिया आयोग की एक अनुशंसा क्या थी?

Ans
✔ 1. राज्यपालों को पक्ष-निरपेक्ष होना चाहिए।
✘ 2. राज्यपाल सैन्य अधिकारी होने चाहिए।
✘ 3. राज्यपालों का चुनाव राज्यों द्वारा किया जाना चाहिए।
✘ 4. राज्यपाल केवल राजनेता होने चाहिए।

Q.39 काम की न्यायसंगत और मानवीय स्थिति सुनिश्चित करने तथा मातृत्व राहत का प्रावधान भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत आता है?


Ans
✔ 1. अनुच्छेद 42
✘ 2. अनुच्छेद 45
✘ 3. अनुच्छेद 47
✘ 4. अनुच्छेद 39A

Q.40 मई 2025 में, किस भारतीय संगठन ने माउंट कंचनजंगा पर विजय प्राप्त करके 'हर शिखर तिरंगा' मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया?

Ans
✔ 1. राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान (National Institute of Mountaineering and Adventure Sports)
✘ 2. भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (Indian Mountaineering Foundation)
✘ 3. हिमालयन क्लब (Himalayan Club)
✘ 4. सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation)

## Section : Mathematics

Q.1 125 $cm^3$ आयतन वाले दो घनों को, एक-दूसरे के फलकों से जोड़ा जाता है। इस प्रकार बने घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।




Ans
✘ 1. 80 $cm^2$
✔ 2. 250 $cm^2$
✘ 3. 125 $cm^2$
✘ 4. 160 $cm^2$

Q.2 5 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 14 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 14
✓ 2. 9
✗ 3. 10
✗ 4. 11

Q.3 P, Q और R ने क्रमशः 3 : 53 : 24 के अनुपात में धनराशि निवेश किया। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में कुल ₹1,280 का लाभ अर्जित किया, तो Q और R के हिस्से में कितना अंतर है?

Ans
✗ 1. ₹570
✓ 2. ₹464
✗ 3. ₹533
✗ 4. ₹417

Q.4 एक जिले की जनसंख्या 373000 है, जिसमें से 227000 पुरुष हैं। 69% जनसंख्या साक्षर है। यदि 69% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

Ans
✓ 1. 69%
✗ 2. 67%
✗ 3. 68%
✗ 4. 70%

Q.5 यदि 6 अंकों की संख्या N00M49, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

Ans
✗ 1. M = N
✗ 2. M - N = 1
✗ 3. M + N = 5
✓ 4. M - N = -5

Q.6 पाइप A किसी टैंक को 13 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 27 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 19 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✗ 1. $5\frac{3}{1111}$
✗ 2. $4\frac{3}{1111}$
✗ 3. $7\frac{3}{1111}$
✓ 4. $6\frac{3}{1111}$

Q.7 65 का 65%, 15 के $\frac{3}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
✗ 1. 30.25
✓ 2. 33.25
✗ 3. 31.25
✗ 4. 27.25

Q.8 यदि पहली संख्या का 77%, दूसरी संख्या के $\frac{3}{4}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
- ✗ 1. 74 : 75
- ✗ 2. 73 : 82
- ✓ 3. 75 : 77
- ✗ 4. 72 : 73

Q.9 $\frac{(1+\sin A)(\tan A-\sec A+1)\sec A}{\tan A+\sec A-(\sec^2 A-\tan^2 A)}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. secA
- ✓ 2. 1
- ✗ 3. sinA
- ✗ 4. 0

Q.10 एक व्यक्ति कानपुर से लखनऊ 36 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 45 km/hr की चाल से कानपुर वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 45
- ✓ 2. 40
- ✗ 3. 39
- ✗ 4. 43

Q.11 प्रथम 174 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 174.5
- ✗ 2. 175.5
- ✗ 3. 176
- ✓ 4. 175

Q.12 एक थोक विक्रेता ₹8,000 के मूल्य वाले एक उत्पाद पर 15% की व्यापार छूट प्रदान करता है। पहली छूट देने के बाद वाले मूल्य पर ग्राहक 5% की स्कीम छूट के लिए भी पात्र होता है। ग्राहक को कितने अंतिम मूल्य का भुगतान करना पड़ता है?

Ans
- ✓ 1. ₹6,460
- ✗ 2. ₹6,800
- ✗ 3. ₹6,600
- ✗ 4. ₹6,440

Q.13 संख्या 889897 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
- ✗ 1. 64
- ✗ 2. 69
- ✗ 3. 52
- ✓ 4. 59

Q.14 एक वेंडर 65% की हानि पर गेहूँ बेचने का दावा करता है, लेकिन वह बताए गए वजन से 70% कम वजन का उपयोग करके बेईमानी करता है। उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 16.67%
- ✗ 2. 12.93%
- ✗ 3. 19.59%
- ✗ 4. 11.35%

Q.15 संख्याओं 2.1 और 0.68 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 71.4
✘ 2. 0.714
✘ 3. 7.14
✘ 4. 714

Q.16 3 फरवरी 2024 को जमा की गई और 4 अप्रैल 2024 को निकाली गई ₹4,000 की राशि पर 7.5% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹51
✘ 2. ₹49
✘ 3. ₹48
✔ 4. ₹50

Q.17 एक घन का आयतन 1728 $cm^3$ है। इसका कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 864
✘ 2. 784
✘ 3. 884
✘ 4. 764

Q.18 M और N ने एक व्यवसाय शुरू किया। M ने 5 महीने के लिए N से ₹69,000 अधिक निवेश किया, जबकि N ने 3 महीने के लिए निवेश किया। ₹2,160 के कुल लाभ में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹720 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. ₹4,14,000
✘ 2. ₹4,14,100
✘ 3. ₹4,14,120
✘ 4. ₹4,14,073

Q.19 सपना ने ₹20,700 की धनराशि में से कुछ धनराशि 9% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 14% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 3 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 9% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 12,597
✘ 2. 12,599
✔ 3. 12,600
✘ 4. 12,602

Q.20 52 km की दूरी तय करने में, प्रणय को अमन से 7 घंटे अधिक लगते हैं। यदि प्रणय अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे अमन से 6 घंटे कम लगते हैं। प्रणय की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 2 km/hr
✘ 2. 8 km/hr
✘ 3. 3 km/hr
✘ 4. 10 km/hr

Q.21 एक परिवार के पांच सदस्यों का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए, जिसके सदस्यों का वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 76 kg और 36 kg है।

Ans
✘ 1. 50.4
✘ 2. 53.4
✘ 3. 52.4
✔ 4. 51.4

Q.22 एक दुकानदार ने एक वस्तु ₹576 में खरीदी। उसपर 4% की छूट देने के बाद 15% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे वस्तु का अंकित मूल्य कितना रखना होगा?

Ans
✔ 1. ₹690
✘ 2. ₹639
✘ 3. ₹685
✘ 4. ₹636

Q.23 मोहन ने ₹150/दर्जन की दर से कुछ पेन खरीदे। उसने ₹16 प्रति पेन की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______ % है।

Ans
✘ 1. 30
✔ 2. 28
✘ 3. 26
✘ 4. 32

Q.24 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 5 और 3190 है। यदि इनमें से एक संख्या 110 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 145
✘ 2. 165
✘ 3. 155
✘ 4. 135

Q.25 [290 ÷ {17 + 7 × (2 − 3)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 24
✔ 2. 29
✘ 3. 25
✘ 4. 26

Q.26 दो पाइप एक टंकी को अलग-अलग क्रमशः 70 min और 30 min में भर सकते हैं। टंकी को खाली करने के लिए उसके तल में एक पाइप लगा है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो खाली टंकी 28 min में भर जाएगी। यदि कोई अन्य पाइप नहीं खुला है, तो टंकी के तल पर लगा पाइप, पूरी तरह भरी हुई टंकी को खाली करने में कितना समय लेगा?

Ans
✘ 1. 81 min
✘ 2. 67 min
✔ 3. 84 min
✘ 4. 80 min

Q.27 18 पेन और 4 पेंसिल का मूल्य ₹200 है। यदि पेन का मूल्य ₹1 कम हो जाता है और पेंसिल का मूल्य ₹3 बढ़ जाता है, तो 19 पेन और 3 पेंसिल का मूल्य ₹151 हो जाता है। 12 पेन और 10 पेंसिल का वास्तविक मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹429
✔ 2. ₹434
✘ 3. ₹433
✘ 4. ₹430

Q.28 (−9) − (−60) ÷ (−6) + (−4) × 8 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. −50
✔ 2. −51
✘ 3. −54
✘ 4. −53

**Q.29** ABCD एक समलम्ब है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 40° और ∠BAC = 120° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 144°
- ✓ 2. 140°
- ✗ 3. 148°
- ✗ 4. 149°

**Q.30** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$4\left(\left(\frac{7}{4}\right)x^2 - 27x + 19\right) - 7(x^2 + 9x - 14)$$

**Ans**
- ✗ 1. −171x − 174
- ✓ 2. −171x + 174
- ✗ 3. 171x + 174
- ✗ 4. 171x − 174

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.1** एक निश्चित कूट भाषा में, 'PORT' को '9125' और 'ROPE' को '1352' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
- ✓ 1. 3
- ✗ 2. 2
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 1

**Q.2** शिखर अपनी कक्षा में शीर्ष से 38वें स्थान पर तथा नीचे से 24वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
- ✓ 1. 61
- ✗ 2. 60
- ✗ 3. 62
- ✗ 4. 63

**Q.3** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

550 551 555 556 560 561 ? 566

**Ans**
- ✓ 1. 565
- ✗ 2. 564
- ✗ 3. 567
- ✗ 4. 563

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KPX MOU ONR ? SLL

**Ans**
- ✗ 1. PSQ
- ✗ 2. SQP
- ✗ 3. MSP
- ✓ 4. QMO

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✔ 1. SU-LP
- ✘ 2. UW-NW
- ✘ 3. QS-JS
- ✘ 4. WY-PY

**Q.6** यदि संख्या 7642915 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो कितने अंकों की स्थिति, मूल संख्या की तुलना में अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans**
- ✘ 1. एक भी नहीं
- ✘ 2. दो
- ✔ 3. एक
- ✘ 4. तीन

**Q.7** यदि संख्या 4739215 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों के बीच का अंतर कितना होगा?

**Ans**
- ✘ 1. 6
- ✘ 2. 2
- ✔ 3. 8
- ✘ 4. 4

**Q.8** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय हैं। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएं) 3 8 $ 7 ? 5 % 4 1 Ω 2 # 6 & * 9 @ £ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद एक विषम संख्या भी है?

**Ans**
- ✘ 1. दो
- ✔ 2. एक
- ✘ 3. तीन
- ✘ 4. एक भी नहीं

**Q.9** R, C का भाई है। C, A का भाई है। A, G की माता है। G, H का पुत्र है। R का H से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ 1. पत्नी का पिता
- ✘ 2. पिता
- ✘ 3. भाई
- ✔ 4. पत्नी का भाई

**Q.10** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथन/कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?

कथन:
सभी गिलास, कटोरे हैं।
सभी कटोरे, प्लेट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ प्लेट, कटोरे हैं।
(II) सभी गिलास, प्लेट हैं।

**Ans**
- ✔ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✘ 3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.11 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 9 5 € 2 3 £ © € * 3 4 * @ @ 1 & 7 @ £ * 1 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या तथा ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 1
✘ 3. 3
✘ 4. 4

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

UKM 1 SML 3 QOK 9 OQJ 27 ?

Ans
✘ 1. MTI 79
✘ 2. MSI 79
✔ 3. MSI 81
✘ 4. MSJ 81

Q.13 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएं हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
18, 141
42, 165

Ans
✘ 1. 24, 167
✔ 2. 36, 159
✘ 3. 11, 155
✘ 4. 28, 129

Q.14 अनुज बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और उत्तर की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 8 km, पश्चिम की ओर
✘ 2. 6 km, पश्चिम की ओर
✘ 3. 7 km, पश्चिम की ओर
✔ 4. 5 km, पश्चिम की ओर

Q.15 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख 49 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, अंकुर दाएं छोर से 19वें स्थान पर है। यदि टीनू, अंकुर के बाएं से 11वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से टीनू का स्थान कौन-सा है?

Ans
✘ 1. 19
✘ 2. 18
✘ 3. 17
✔ 4. 20

Q.16 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा, ?

26 + 2 × 12 − 2 ÷ 16 = ?

Ans
✗ 1. 26
✗ 2. 15
✗ 3. 21
✓ 4. 5

Q.17 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

55 64 81 106 139 ?

Ans
✗ 1. 182
✓ 2. 180
✗ 3. 179
✗ 4. 181

Q.18 छह मित्र, J, K, L, M, N और O, उत्तर की ओर अभिमुख हो एक सीधी पंक्ति में बैठे हुए हैं। L, M के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है, जो K के ठीक बाएं पड़ोस में है। J, N के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। L पंक्ति के किसी भी छोर पर नहीं बैठा है। O के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. J
✗ 2. N
✗ 3. M
✓ 4. K

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. IP-FZ
✓ 2. MT-ID
✗ 3. FM-CW
✗ 4. RY-OI

Q.20 सात व्यक्ति, D, E, F, G, H, I और X, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E के बाएं से गिनती करने पर E और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, I के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। I के बाएं से गिनती करने पर X और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. दो
✗ 3. तीन
✗ 4. एक

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

591 592 596 605 621 ?

Ans
✗ 1. 636
✗ 2. 641
✗ 3. 631
✓ 4. 646

Q.22 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**15 − 3 ÷ 21 + 3 × 36 = ?**

Ans
- ✗ 1. 13
- ✗ 2. 9
- ✗ 3. 21
- ✓ 4. 16

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, MONK एक निश्चित प्रकार से RTSP से संबंधित है। GIHE उसी प्रकार LNMJ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VXWT निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. ACBY
- ✗ 2. AVGF
- ✗ 3. ACFR
- ✗ 4. AYTR

Q.24 प्रशांत अपनी कक्षा में नीचे से 11वें स्थान पर तथा शीर्ष से 23वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

Ans
- ✗ 1. 30
- ✗ 2. 32
- ✓ 3. 33
- ✗ 4. 31

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. OA - SY
- ✗ 2. CN - GL
- ✓ 3. JU - OS
- ✗ 4. GR - KP

Q.26 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**KFD : IIB**
**UDD : SGB**

Ans
- ✗ 1. RPH : PSK
- ✗ 2. VRB : TUD
- ✓ 3. WBI : UEG
- ✗ 4. SCM : QFO

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FEAR' को '2461' और 'THEM' को '1593' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 9
- ✓ 4. 1

**Q.28** शिवानी बिंदु A से यात्रा शुरू करके पूर्व की ओर 11 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है, दाएं मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 7 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 7 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 10 km ड्राइव करती है। अंततः वह दाएं मुड़ती है और 9 km ड्राइव करती है और बिंदु B पर रुक जाती है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90 डिग्री के हैं)

**Ans**

✔ 1. 12 km उत्तर

✘ 2. 11 km उत्तर

✘ 3. 10 km दक्षिण

✘ 4. 10 km उत्तर

**Q.29** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
सभी फ़िरोज़ा, गैरिक हैं।
सभी गैरिक, नील हैं।
**निष्कर्ष:**
I. कोई नील, फ़िरोज़ा नहीं है।
II. कुछ नील, फ़िरोज़ा हैं।

**Ans**

✘ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✘ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

✔ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.30** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से GULP का संबंध IWOS से है। उसी तरीके से KYRV का संबंध MAUY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OCXB का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**

✘ 1. RDZF

✘ 2. PFCG

✔ 3. QEAE

✘ 4. PEBD